# छह माह में निर्णय के निष्पादन कार्यवाही का निराकरण हो वर्ना पीठासीन अधिकारी पर जवाबदेही होगी

## सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशन




जी. के. छिब्बर

**सर्वोच्च** न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ न्यायमूर्ति जे .बी परदीवाला एवम न्यायमूर्ति पंकज मित्तल ने पेरिमल ,( मृतक) बनाम वी .राजमणि की याचिका का निराकरण करते हुवे महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं जिससे उच्च न्यायालय और अधिनस्त न्यायालयों में लंबित सैकड़ों निर्णय के निष्पादन के मुकदमों की रफ्तार तेज होगी और शीघ्र निर्णय का पालन होगा।

याचिका के तथ्यों के अनुसार परीक्षण न्यायालय ने 1986 में निर्णय दिया था जिसके निष्पादन में 20 वर्ष लग गए और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा जिसको सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुवे निर्णय के निष्पादन कार्यवाही को 2 माह में करने के निर्देश दिए। माननीय सर्वोच्च न्यायालय को पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश जारी किए की देश की सभी न्यायालय निष्पादन कार्यवाही का निराकरण 6 माह में करे और उच्च न्यायालय जिला न्यायालयों से इस तरह के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करे और यदि 6 माह में कार्यवाही नही होती तो संबधित पीठासीन अधिकारी एवम अन्य अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया यह निर्देश सभी अधिनस्त न्यायालयों पर बंधनकारी है। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से लाखों उन पीड़ितों को राहत मिल सकेगी जो वर्षो से निर्णीय प्राप्त करने के पश्चात् भी निर्णय के पालन से वंचित है इसमें अधिकांश प्रकरण सरकारी विभागों के है अब उन अधिकारियों पर कार्यवाही भी होगी जो विधिसम्मत आदेश के निष्पादन और पालन में अडंगे डालते है यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थित है की निर्णय के पालन में वर्षो लग रहे है पक्षकार आर्थिक ओर मानसिक रूप से भी प्रताड़ित हो रहे है समय पर न्याय न मिलना अन्याय ही कहा जा सकता है इसलिए यह निर्णय स्वागत योग्य है जिसका ईमानदारी से पालन होगा आशा की जानी चाहिए।

## एक्सिस फाइनेंस ने लॉन्च किया दिशा होम लोन

**भोपाल।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक, एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर एक्सिस फाइनेंस दिशा होम लोन लॉन्च करने की घोषणा की है। यह उत्पाद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न-आय वर्ग (खुल्त) के होमबायर्स की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से पेश किया गया है।

दिशा होम लोन में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में लोगों की जरूरतों के अनुसार होम लोन समाधान प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, और इसके साथ ही ऋण प्रक्रिया को बहुत सहज और सरल बनाने का भी प्रयास किया गया है। यह अनुभव निष्पादन में गति और ग्राहकों की आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा और चुस्त प्रणालियों द्वारा समर्थित होगा, जिससे निष्पादन में तेजी और ग्राहकों की जरूरतों के प्रति ज़िम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी।

यह उत्पाद विभिन्न प्रकार के रोजगार वाले व्यक्तियों को सेवा प्रदान करेगा, जिसमें वेतनभोगी और स्वरोजगार करने वाले ग्राहक शामिल हैं।

# दीपक एडवरटाइजिंग को प्रसार भारती द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान



**भोपाल ।** मध्यभारत की नं. 1 क्रिएटिव और मीडिया एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग को विविध भारती के मीडिया व्यवसाय में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसार भारती द्वारा सम्मानित किया गया। यह अवार्ड एजेंसी को लगातार दो वर्षों से दिया जा रहा है ।

उल्लेखनीय है कि दीपक एडवरटाइजिंग मध्य भारत की एकमात्र आईएनएस, प्रसार भारती एवं सीबीसी द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसी है और इंडियन रेलवे, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, आईआईएम, अवंतिका गैस लि, एलआईसी जैसे अन्य महत्वपूर्ण गवर्नमेंट क्लाइंट्स के साथ ही प्रसिद्ध कॉरपोरेट क्लाइंट्स को भी सेवाएं दे रही है। एमडी दीपक जेठा ने बताया कि एजेंसी अपनी क्रिएटिव व डेडिकेटेड टीम, उत्कृष्ट सर्विसेज और क्लाइंट्स के अटूट विश्वास के कारण सदा सफलता के पथ पर अग्रसर रही है। गत माह ही बिग एफएम द्वारा भी रेडियो बिज़नेस में योगदान के लिए एजेंसी को सम्मानित किया गया था। अवार्ड लेते हुए श्री प्रकाश जेठा ब्रांच हेड दीपक एडवरटाइजिंग भोपाल ऑफिस ने भोपाल-इंदौर के सभी प्रमुख क्लाइंट्स का आभार माना । एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी सचिन उपाध्याय ने बताया कि दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी अब तक 191 नेशनल व इंटरनेशनल अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुकी है, जिसमें 17 बार 'एजेंसी ऑफ़ द ईयर' का अवॉर्ड शामिल है ।

## अक्षय तृतीया सोनाटा पेश करते हैं सोनाटा 'गोल्ड'

**भोपाल।** भारत में घड़ियों के सबसे पसंदीदा ब्राण्ड सोनाटा लेकर आए हैं सोनाटा गोल्ड- सोच-समझ कर डिज़ाइन किया गया स्टाइलिश कलेक्शन जो हमारे लिए गोल्ड यानि सोने के अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। सोनाटा गोल्ड, सोने के प्रति आपके लगाव को दर्शाने का नया और बोल्ड तरीका है- जो न सिर्फ परम्परा का साथ निभाएगा, बल्कि आपका अपना स्टाइल स्टेटमेन्ट भी बन जाएगा।

अक्षय तृतीया का त्योहार आ रहा है, जिसे समृद्धि एवं सकारात्मक शुरूआत का प्रतीक माना जाता है, इसी के मद्देनज़र पेश किया गया कलेक्शन सोनाटा गोल्ड, सोने के उपहार को नया दृष्टिकोण प्रदान करता है। इस कलेक्शन की हर घड़ी के डायल में 0.15 ग्राम का 22 कैरट तनिष्क गोल्ड कॉयन है, एक शानदार डीटेल जो कारीगरी, विरासत एवं डिज़ाइनिंग को दर्शाता है। यह कलेक्शन उन लोगों के लिए बेहतरीन है, जिन्हें बारीकी से तैयार किए गए डिज़ाइन खूब लुभाते हैं। इन घड़ियों का स्लीक केस डिज़ाइन, गोल्ड कॉयन से युक्त लैकर्ड हाई-पॉलिश ब्लैक डायल और असली लैदर का स्ट्रैप इसे बेहद आकर्षक और खास बनाता है। इस नई पेशकश पर बात करते हुए श्री प्रतीक गुप्ता, ब्राण्ड हैड, सोनाटा ने कहा, सोनाटा गोल्ड सिर्फ एक घड़ी नहीं बल्कि एक अनुभव है।

# बीएसएसएस समाजकार्य विभाग की पत्रिका का हुआ अनावरण

**भोपाल।** स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, सामाजिक कार्य विभाग ने अपनी बहुप्रतीक्षित छात्र-संचालित पत्रिका कल-अपना का शुभारंभ किया। विभाग की यह पहल एमएसडब्ल्यू छात्रों की रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और शैक्षणिक अंतर्दृष्टि का प्रतीक है।

पत्रिका का विमोचन सामाजिक कार्य विभाग के प्रमुख डॉ. रुत्विक जे. गंधे के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने बौद्धिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने वाले छात्र-संचालित मंचों के महत्व पर जोर दिया। %कल-अपना% का शुभारंभ समग्र शिक्षा, सिद्धांत, रचनात्मकता और वास्तविक दुनिया के सामाजिक कार्य अनुभवों के सम्मिश्रण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में देखा जाता है। संपादकीय टीम का नेतृत्व एमएसडब्लू सेमेस्टर ढ्ढङ्क की एक प्रतिभाशाली छात्रा सुश्री हिमाली साहू ने किया, जिनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने पत्रिका की अवधारणा और क्यूरेटिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करने वाली सामाजिक कार्य विभाग की सहायक प्रोफेसर सुश्री स्टेला सैमुअल थीं, जिन्होंने संकाय प्रभारी के रूप में कार्य किया। विमोचन के अवसर पर, डॉ. रुतविक जे. गंधे, एचओडी - सामाजिक कार्य, ने अपना गौरव व्यक्त करते हुए कहा, कल-अपना न केवल हमारे छात्रों की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि बदलाव लाने की उनकी प्रतिबद्धता का भी प्रतिनिधित्व करता है।

यह पत्रिका उनकी रचनात्मकता, जुनून और समाज में सार्थक तरीके से योगदान देने की उनकी तत्परता का प्रतिबिंब है। अपने समापन भाषण में, डॉ फादर जॉन पी जे ने बीएसएसएस के कार्यों को समर्पित पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा, यह बीएसएसएस के लिए गर्व का क्षण है।

## अर्बन कंपनी ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**भोपाल।** विभिन्न होम और ब्यूटी श्रेणियों में गुणवत्ता आधारित सेवाओं और समाधानों के लिए एक टेक्नोलॉजी-आधारित, फुल-स्टैक ऑनलाइन सेवा बाज़ार संचालित करने वाली कंपनी अर्बन कंपनी लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी का लक्ष्य प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से 1900 करोड़ (19000 मिलियन) जुटाना है, जिसमें 1 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी। इस ऑफर में 4290 मिलियन (429 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू (फ्रेश इश्यू) और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 14710 मिलियन (1471 करोड़) तक के शेयरों की बिक्री का ऑफर (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। कंपनी के प्रमोटर अभिराज सिंह भाल (चेयरपर्सन, मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर), राघव चंद्रा (एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर और चीफ टेक्नालजी ऑफिसर और प्रॉडक्ट ऑफिसर) और वरुण खेतान (एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) हैं।

# रेलकर्मियों की त्वरित चिकित्सा सहायता, से बची महिला की जान

**भोपाल।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के प्रति भारतीय रेलवे के निरंतर प्रयासों का एक और उदाहरण सामने आया। सोमवार रात लगभग 21.15 बजे, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा सूचना दी गई कि स्टेशन के नये भवन में टिकट बुकिंग कार्यालय के सामने एक लगभग 65 वर्षीय वृद्ध महिला अचेत अवस्था में पड़ी हुई है।

स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तत्काल उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) श्री आनंद कृष्ण मिश्रा ने प्लेटफॉर्म संख्या एक पर स्थित इमरजेंसी मेडिकल रूम में ड्यूटी पर तैनात डॉ. नूर हसन से संपर्क किया। दोनों कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में महिला को तेज बुखार और बेहोशी की हालत में पाया गया। डॉ. नूर हसन महिला की नब्ज जांच ही रहे थे कि उसी दौरान उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस(108) को बुला लिया। लगभग 21.35 बजे एम्बुलेंस स्टेशन पर पहुंच गई। यात्रियों और सफाई कर्मचारियों की मदद से वृद्ध महिला को एम्बुलेंस में सुरक्षित स्थानांतरित किया गया। एम्बुलेंस में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों की सहायता से डॉ. नूर हसन ने महिला को तत्काल ष्टक्क्र (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रदान करने का प्रयास किया। इसके पश्चात महिला को हमीदिया अस्पताल भेजा गया, जहां उनका आगे का उपचार किया जा रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम में रेलकर्मियों की तत्परता, समर्पण और यात्रियों के प्रति संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। रेलवे द्वारा प्रदत्त मेडिकल इमरजेंसी सुविधाओं और कर्मचारियों की सक्रियता के चलते एक अनमोल जीवन को बचाया जा सका, जो रेलवे के यात्रियों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने इस संबंध में कहा कि भोपाल मंडल यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधा के लिए हमेशा तत्पर है।

## सूडोकु नवताल- 7407

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7406 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## काकुरो पहेली - 7086



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

### काकुरो - 7085 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8474



**बाएँ से दाएँ**

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण(उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**


1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली -8473 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6904



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की 'दिल लगाने की' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'आते आते तेरी' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-२,१,२
६. दिलीपकुमार, निम्मी की 'आग लगी तन मन में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'धक धक करने लगा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-२
९. 'कमसिन कली हूँ' गीतवाली फिल्म-२
१०. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, शबाना की 'दिन महीने साल' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'उगंली में अंगूठी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
१४. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'दोस्तों तुम सबको' गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-२
१८. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म 'मिलन' की नायिका कौन थी-३
२०. 'सनी' में अमुता सिंह का नायक-२
२२. अशोक, मधुबाला की 'मुश्किल है बहुत मुश्किल' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-३
२४. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की 'बप्पा मोरिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. 'ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल' गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-२
२९. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की 'तुम अगर सामने' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-२
३२. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की 'तेरी उम्मीद तेरा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'मेरा कँगना झाँझर चूड़ी' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, रेखा की 'मैं ने कह दी तूने सुन ली' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'दिलबर दिलबर' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
३. 'सच कहते हैं हम' गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-४
४. 'तेरा जादू चल गया' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-२
५. 'सुन सजना तेरे' गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-५
८. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'कालीचरण' में 'लॉयन' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-३
१२. 'इस टूट दिल की पीर' गीतवाली फिल्म-२
१५. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
१६. फिल्म 'प्यार दिवाना होता है' में गोविंदा के साथ नायिका -२
१७. मिथुन, संगीता बिजलानी की 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२०. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
२१. १९४२ ए लव स्टोरी' के गीत 'क्यों नये लग रहे हैं' की गायिका कौन?-३
२५. फिल्म 'अमर प्रेम' में नायिका कौन थी-३
२७. 'छू कर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
२८. धर्मेन्द्र, सायरा 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
३०. संजय खान, डैनी, जीनत की 'उलझन सुलझे ना' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6903



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 7013

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 2 | 3 | 7 | | 6 |
| 6 | 29 | | 40 | | 38 | 1 |
| | 1 | 4 | 6 | | 2 | |
| 2 | 24 | | 34 | | 32 | 4 |
| 5 | | 3 | | 4 | 7 | |
| | 31 | | 30 | | 32 | 5 |
| 7 | | 1 | | 2 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7012 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 34 | 5 | 28 | 2 | 29 | 6 |
| 4 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 31 | 6 | 33 | 4 | 28 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 33 | 3 | 33 | 6 | 34 | 4 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 8013

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | उ | त्त | र | प्र | दे | श | ब | ना | क | प्र |
| ती | क | ती | ति | ल | क | व | जी | ग | कृ | गु |
| के | ड़ | रा | त | त | मि | ल | ना | डु | आ | ज |
| र | क | क | ज | ज | जा | पु | का | प्र | प | रा |
| ल | प्र | क | का | स्था | ग | प्र | अ | प्र | श | त |
| झ | झा | का | प्र | ल | न | ह | झ | दे | ना | ण |
| घ | र | ती | श | षी | म | प्र | प्र | से | क | क |
| ला | खं | क | ता | तै | ई | ध्य | ब | र्ना | फ | लो |
| श | ड | प्र | बि | हि | म | ई | ट | प्र | री | प |
| प | जा | द | र | हा | प | क | जी | उ | ड़ी | सा |
| प | प्र | क | क | प्र | र | है | या | रा | बा | प्र |

*शब्द जाल में भारत के 10 राज्यों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, केरल, उड़ीसा

### शब्दजाल - 8012 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore